Ministry for the Environment
Manatū Mō Te Taiao


Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

# आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में सिंगल-यूज (एक बार उपयोग किए जाने) वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध

## व्यवसायों के लिए 2023 गाइड (मार्गदर्शिका)


### किन वस्तुओं पर प्रतिबंध लगा है?

**1 जुलाई 2023** से रोक या प्रतिबंध निम्न पर लागू होते हैं:


सिंगल यूज (एक बार प्रयोग किए जाने वाले) पीने के प्लास्टिक स्ट्रॉ*


सिंगल यूज वाले प्लास्टिक कटलरी (छुरी-काँटे आदि)


सिंगल यूज वाली प्लास्टिक की प्लेटें, कटोरे, ट्रे और बिना ढक्कन की थाली


सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पाद बैग


सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पाद लेबल*

यह प्रतिबंध वहाँ लागू होता है जहाँ वस्तुएँ बेची जाती हैं या मुफ्त में दी जाती हैं, और जहाँ वे अलग-अलग या पैकेट में (इकट्ठा) प्रदान की जाती हैं।

उत्पादन लेबल को छोड़कर, सभी वस्तुओं के लिए खाद योग्य या 'पौधे-आधारित' प्लास्टिक विकल्प भी प्रतिबंधित हैं।

*इन वस्तुओं पर कुछ छूट लागू होती हैं।
विवरण के लिए अंदर देखें।

### प्रतिबंध क्यों लगाया जा रहा है?

प्लास्टिक नियमित रूप से हमारे पर्यावरण में कचरे के रूप में मिल जाता है, हमारे वन्य जीवन को नुकसान पहुंचाता है और हमारे भोजन और पानी को दूषित करता है। कई प्लास्टिक की चीजें सिंगल-यूज वाली होती हैं; उन्हें फेंकने से पहले अक्सर उनका उपयोग केवल एक बार किया जाता है।

सिंगल-यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने से प्लास्टिक के कचरे को कम करने में मदद मिलेगी, हमारे रीसाइक्लिंग सिस्टम (पुनर्चक्रण प्रणाली) में सुधार होगा और हमारे पर्यावरण की रक्षा होगी।

इस बदलाव की मदद से न्यूज़ीलैंड हर साल लैंडफिल (कचरे के गड्ढे) में लाखों एक बार उपयोग की जाने वाली प्लास्टिक की वस्तुओं को भेजने से बचेगा।

### यह प्रतिबंध किस पर लागू होता है?

यह प्रतिबंध सभी व्यवसायों और संगठनों पर लागू होता है।

प्रमुख क्षेत्रों में शामिल हैं:


- कैफे, बार, रेस्तरां, होटल, टेकअवे फूड आउटलेट्स, पार्टी और डिस्काउंट स्टोर, सुपरमार्केट, बाजार में लगने वाले स्टाल, त्योहार और कार्यक्रम जैसे रिटेल (खुदरा) और आतिथ्य व्यवसाय।
- निर्माता, वितरक, आयातक, थोक व्यापारी और ऑनलाइन बाज़ार जैसे सप्लायर्स (आपूर्तिकर्ता)।
- स्वास्थ्य और सामुदायिक सेवाओं, चैरिटी (धर्मार्थ संगठन), सामुदायिक समूहों, खेल क्लबों, स्कूलों और सरकारी निकायों जैसे संगठन और गैर-लाभकारी संगठन।

## स्ट्रॉ और कटलरी

### प्रतिबंधित

**प्रतिबंध इन पर लागू होता है:** सिंगल-यूज प्लास्टिक ड्रिंकिंग स्ट्रॉ* और कटलरी, जैसे कि चाकू, कांटे, चम्मच, चॉपस्टिक और स्पॉर्क्स।

**यह प्रतिबंध इन पर लागू नहीं होता:** परोसने वाले बर्तन (जैसे कि चिमटे, केक सर्वर, दवा / वाशिंग पाउडर / शिशु फार्मूला के साथ प्रदान किए गए स्कूप)।




### अनुमति प्राप्त

सबसे पहले, विचार करें कि क्या आपको वास्तव में इन वस्तुओं की आपूर्ति करते रहने की आवश्यकता है, खासकर अगर आपके कई ग्राहक घर पर या कार्यालय में आपके उत्पादों का उपभोग करते हैं। फिर, धातु या सिलिकॉन जैसी दुबारा प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं के बारे में विचार करें। यदि आपको डिस्पोजेबल विकल्पों की आवश्यकता है, तो अनकोटेड (बिना कोट या लेप किया हुआ) पेपर, लकड़ी या बांस पर विचार करें।

**सिंगल यूज (एक बार प्रयोग किए जाने वाले) पीने के प्लास्टिक स्ट्रॉ के लिए छूट***

- *सिंगल-यूज प्लास्टिक स्ट्रॉ कुछ विकलांग लोगों और मरीजों के लिए महत्वपूर्ण रूप से सहायक हो सकते हैं। सुपरमार्केट, फार्मेसियों, कैफे, एसीसी तथा स्वास्थ्य और विकलांगता सहायता सेवाएं उन लोगों के अनुरोध पर प्लास्टिक स्ट्रॉ प्रदान कर सकती हैं जो उन पर निर्भर हैं। विकलांगता के प्रमाण की आवश्यकता नहीं है।*
- *1 जनवरी 2026 से, मशीन स्वचालित प्रक्रिया द्वारा उत्पाद की पैकेजिंग में शामिल स्ट्रॉ (जैसे कि, जूस बॉक्स से जुड़ा स्ट्रॉ) भी प्रतिबंधित हो जाएगा।*



## टेबलवेयर (खाने-पीने के बर्तन)

### प्रतिबंधित

**यह प्रतिबंध इन पर लागू होता है:** सिंगल-यूज प्लास्टिक की प्लेटें, कटोरे, ट्रे और बिना ढक्कन की थाली।

**प्रतिबंध इन पर लागू <u>नहीं</u> होता है:** प्लास्टिक (या बायोप्लास्टिक) अस्तर के साथ फाइबर-आधारित टेबलवेयर, या अन्य टेकअवे कंटेनर (जैसे कि, त्रिकोण सैंडविच कंटेनर या ढक्कन वाले कटोरे / कंटेनर)।



### अनुमति प्राप्त

सबसे पहले, इस बारे में विचार करें कि क्या ग्राहक विशेष रूप से आयोजनों में, अपनी प्लेटें या कटोरे ला सकते हैं। फिर, सिरेमिक (चीनी मिट्टी) या धातु जैसे दुबारा प्रयोग किए जा सकने वाले विकल्पों पर विचार करें। यदि आपके अधिकांश ग्राहक स्टोर में भोजन करते हैं तो आप धोने योग्य वस्तुओं का उपयोग करके पैसे और कूड़ा दोनों बचा सकते हैं।

यदि आपको डिस्पोजेबल विकल्पों की आवश्यकता है, तो कागज, बांस या गन्ने के गूदे से बनी प्लेटों और कटोरों पर विचार करें। उन विकल्पों पर विचार करें जो Perfluoroalkyl (पेरफ्लूरोआल्किल) और Polyfluoroalky (पॉलीफ्लूरोअल्किल) पदार्थों (पीएफएएस) से मुक्त हैं जो कि एक गंभीर चिंता का विषय बन रहे हैं।



### उत्पाद लेबल

गैर-घरेलू खाद योग्य प्लास्टिक उत्पादों के लेबल को दो चरणों में हटाया जा रहा है।



- *1 जुलाई 2023 से,* घरेलू फल और सब्जियों के लिए गैर-घरेलू खाद योग्य प्लास्टिक उत्पाद लेबल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है (चिपकने वाला इसमें शामिल नहीं है)।
- *1 जुलाई 2025 से,* पूरा लेबल गोंद समेत, घरेलू खाद योग्य होना चाहिए, जिसमें आयात किए गए उत्पाद पर लगे लेबल भी शामिल हैं।

यदि आपको डिस्पोजेबल उत्पाद लेबल की आवश्यकता है, तो इसे मानकों को पूरा करके घरेलू खाद योग्य प्रमाणित किया जाना चाहिए जैसे कि 5810-2010 or NF T51-800। उत्पाद लेबलों के चरणबद्ध तरीके से हटाने के बारे में अधिक जानने के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर जाएँ।

## उत्पाद बैग

### प्रतिबंधित

**प्रतिबंध इन पर लागू होता है:** सिंगल-यूज प्लास्टिक उत्पाद बैग जो खरीदारी की जगहों या दुकानों में खुले ताजे फल या सब्जियों को पैक करने के लिए प्रदान किए जाते हैं और उपयोग किए जाते हैं।

प्रतिबंध में किसी भी मोटाई के उत्पाद बैग शामिल हैं, इसके साथ-साथ खाद से बनने वाले, रिसाइकल किए जाने या 'डिग्रेडेबल (सड़ने या नष्ट होने वाले)' प्लास्टिक से बने बैग भी शामिल हैं।

**प्रतिबंध अन्य बैगों पर लागू नहीं होता है**, जैसे कि:

- किसी भी अन्य ताजा या पकाए हुए उत्पाद के लिए उपयोग किए जाने वाले सिंगल-यूज प्लास्टिक बैग (जैसे कि डेली मीट या नरम मांस, समुद्री भोजन, पनीर, या सूखे/संरक्षित उत्पाद जैसे कि मेवे)
- बैग में पहले से पैक उत्पाद (सीलबंद या बिना सीलबंद) - ये फल या सब्जियां होते हैं जिन्हें बिक्री पर रखने से पहले बैग में रखा जाता है (उदाहरण के लिए, पहले से पैक लेटस, सेब का सील किया हुआ बैग, प्लास्टिक बैग में जड़ी-बूटियां)।
- कूड़ा डालने वाले बैग (कूड़ेदान में लगाने वाले, पशु/मेडिकल कूड़ा डालने वाले बैग)




### अनुमति प्राप्त

सबसे पहले, बैग की खपत को कम करने के बारे में विचार करें, उदाहरण के लिए, कार्डबोर्ड (गत्ते) के बक्सों का दुबारा उपयोग करके। इसके बाद, कपड़े या जाली से बने दुबारा प्रयोग किए जा सकने वाले बैग बेचने के बारे में विचार करें। ग्राहकों को अपने स्वयं के हल्के दुबारा प्रयोग किए जाने वाले बैग लाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। फिर, यदि आपको अभी भी डिस्पोजेबल बैग सप्लाई करने की जरूरत है, तो टिकाऊ स्त्रोत से या रीसायकल किए गए पेपर बैग के बारे में विचार करें।

कृपया ध्यान दें कि खाद योग्य या 'पौधे-आधारित' प्लास्टिक वाले प्लास्टिक उत्पाद बैग की अनुमति **नहीं** है।



## खाद योग्य प्लास्टिक विकल्प....

### ...के बारे में क्या?

**प्रतिबंध में खाद योग्य, बायोडिग्रेडेबल या 'पौधे-आधारित' प्लास्टिक विकल्प शामिल हैं (उत्पाद लेबलों को छोड़कर)।**

अधिकांश खाद योग्य प्लास्टिक वास्तव में खाद प्रणाली में समाप्त नहीं हो पाते हैं। उन्हें अक्सर लैंडफिल (कचरे के ढेर) में भेज दिया जाता है या कूड़े में फेंक दिया जाता है, जिस स्थिति में वे पारंपरिक प्लास्टिक की तरह ही व्यवहार करते हैं। यदि उनकी खाद बनाई जाती है, तब भी उनका मिट्टी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, उदाहरण के लिए, पदार्थों के भौतिक रूप से नष्ट हो जाने के बाद माइक्रोप्लास्टिक्स और रसायन पर्यावरण में रह सकते हैं। कई उत्पाद जो घरेलू खाद योग्य होने का दावा करते हैं, वास्तव में एक विशिष्ट घरेलू कंपोस्टिंग वातावरण में नष्ट नहीं होते हैं।

यदि कोई चीज प्लास्टिक की तरह दिखती या महसूस होती है, लेकिन पीएलए, पीएचए, मक्का, गन्ना, गेहूं या किसी अन्य 'प्राकृतिक' स्रोत से बने होने का दावा करती है, तो भी हो सकता है कि वह प्लास्टिक हो। इसमें कंपोस्टिंग सर्टिफिकेशन वाले प्लास्टिक आइटम शामिल हैं।

प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं (उत्पाद लेबल के अलावा) के विकल्प का आदेश देते समय, अपने सप्लायर (आपूर्तिकर्ता) से लिखित रूप में पुष्टि करने के लिए कहें **कि वस्तुओं में किसी भी प्रकार का प्लास्टिक पोलिमर नहीं है**, जिसमें खाद योग्य प्लास्टिक या बायोप्लास्टिक शामिल हैं। लोगो, लेबलिंग या उत्पाद के दावे, अनुपालन का प्रमाण नहीं हैं।




### ...दुबारा प्रयोग किए जाने वाले प्लास्टिक आइटम?

एक प्रतिबंधित सिंगल-यूज आइटम (एकल उपयोग वस्तु) उसे कहा जाता है जिसे फेंकने से पहले केवल एक बार या सीमित संख्या में उपयोग करने के लिए डिज़ाइन किया गया हो या ऐसा इरादा हो।

यदि आप एक व्यवसाय या संगठन हैं जो पुन: प्रयोज्य प्लास्टिक वस्तुओं को बेचता है या आपूर्ति करता है, तो आप यह निर्धारित करने के लिए अन्य कारकों पर विचार कर सकते हैं कि क्या आपका उत्पाद वास्तव में पुन: प्रयोज्य है (उदाहरण के लिए, वारंटी, सामान्य उपभोक्ता व्यवहार, विदेशी पुन: प्रयोज्यता मानक का अनुपालन, या क्या उत्पाद डिशवॉशिंग मानक को पूरा करता है)।

यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आपके उत्पाद की सिंगल-यूज़ या दुबारा उपयोग होने की संभावना है, कृपया अधिक मार्गदर्शन के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर जाएं।

## तैयारी के लिए कदम

### 1. स्टॉक का प्रबंधन करें

अपने स्टॉक (माल) की श्रेणियों की जाँच करें और सुनिश्चित करें कि आप अब प्रतिबंधित वस्तुओं को सप्लाई नहीं करते हैं।

- अपने सप्लायर (आपूर्तिकर्ता) से जाँच करें कि क्या वे बिना खोले गए माल के रिटर्न या एक्सचेंज स्वीकार कर सकते हैं।
- यदि आपके पास फालतू स्टॉक है, तो यह देखने के लिए एक स्थानीय रीसायकल करने वाले से संपर्क करें कि क्या वे आपके किसी भी आइटम को स्वीकार कर सकते हैं।

आप 1 जुलाई 2023 के बाद प्रतिबंधित स्टॉक की सप्लाई नहीं कर सकते, भले ही आपने इसे इस तारीख से पहले खरीदा हो।

### 2. अपने विकल्पों पर विचार करें

इससे पहले कि आप सिर्फ़ वस्तुओं को बदल दें, इस बारे में विचार करें कि आप उपयोग से कैसे बच सकते हैं, उनका दुबारा प्रयोग कैसे बढ़ा सकते हैं या कूड़े को कम कैसे कर सकते हैं।

1. **परिहार:** पहले, इस बारे में सोचें कि क्या आपको डिस्पोजेबल कटलरी जैसी चीजों की सप्लाई जारी रखने की आवश्यकता है अगर आपके ग्राहकों को वास्तव में उनकी आवश्यकता नहीं है।
2. **दोबारा इस्तेमाल होने योग्य:** यह देखें कि क्या आप धोने योग्य विकल्पों की आपूर्ति या बिक्री कर सकते हैं, खासकर यदि कई ग्राहक स्टोर में या किसी ऐसे कार्यक्रम में भोजन करते हैं जहां वे आइटम वापस कर सकते हैं।
3. **डिस्पोजेबल:** अगर आपको डिस्पोजेबल चीजों की आवश्यकता है, तो अपने सप्लायर से अपने व्यवसाय के लिए सबसे टिकाऊ विकल्पों के बारे में बात करें, जैसे कि जिम्मेदारी से प्राप्त कागज, बांस या लकड़ी के विकल्प।

इसकी पुष्टि करना याद रखें (लिखित रूप में) **कि उनमें कंपोस्टेबल या डिग्रेडेबल प्लास्टिक सहित किसी भी प्रकार का प्लास्टिक पॉलीमर** नहीं है।

यदि आप विकल्पों के बारे में अनिश्चित हैं, तो वेबसाइट देखें, हॉटलाइन पर फोन करें या हमें ईमेल करें।

### 3. अपनी टीम और ग्राहकों को सूचित करें

अपने कर्मचारियों और ग्राहकों को प्रतिबंध का पालन करने के लिए आपके द्वारा किए गए सकारात्मक परिवर्तनों के बारे में सूचित करके प्रतिबंध को समझने में उनकी सहायता करें। हम आपके ग्राहकों को तैयार करने में मदद के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध साइनेज प्रदर्शित करने की सलाह देते हैं।

## रोक को कैसे लागू किया जाएगा?

जब तक विशिष्ट छूट लागू न हो, प्रतिबंधित वस्तुओं को 1 जुलाई 2023 से बेचा या प्रदान नहीं किया जा सकता, भले ही वे प्रतिबंध से पहले खरीदे गए हों।

न्यूज़ीलैंड सरकार पहले यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवसायों के साथ काम करेगी कि वे अपने दायित्वों को समझें, हालांकि गैर-अनुपालन के लिए जुर्माना लग सकता है।

पर्यावरण मंत्रालय प्रतिबंध को लागू करने के लिए जिम्मेदार है। संदिग्ध गैर-अनुपालन की सूचना 1 जुलाई 2023 से ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से दी जा सकती है: report-plastic.paperform.co

## किन वस्तुओं पर पहले से ही प्रतिबंध लगा हुआ है?

पिछले प्लास्टिक प्रतिबंधों में कुछ सिंगल-यूज वाली प्लास्टिक की चीजों को पहले ही चरणबद्ध तरीके से हटा दिया गया है।

**1 जुलाई 2019 से,** आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में 70 माइक्रोन से कम मोटाई के हैंडल वाले हल्के प्लास्टिक शॉपिंग बैगों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसका मतलब है कि लैंडफिल या समुद्र में 1 बिलियन (अरब) कम प्लास्टिक बैग पहुंचे हैं।

**1 अक्तूबर 2022** से आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में निम्नलिखित चीजों को उपलब्ध कराना, बेचना या उनका निर्माण करना अब अवैध हो चुका है:

- × पीवीसी खाद्य ट्रे और कंटेनर (डिब्बे)
- × पॉलीस्टीरिन टेकअवे खाद्य और पेय पैकेजिंग
- × विस्तारित पॉलीस्टीरिन खाद्य और पेय पैकेजिंग
- × प्रो-डिग्रेडेंट एडिटिव्स समेत प्लास्टिक
- × प्लास्टिक पेय स्टिरर्स (पेय को हिलाने वाले)
- × प्लास्टिक के कॉटन बड्स

पिछले प्रतिबंधों के बारे में अधिक जानकारी के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर जाएं।

## अधिक जानकारी

न्यूज़ीलैंड सरकार राष्ट्रव्यापी व्यवसायों का दौरा कर रही है, सूचना सत्र आयोजित कर रही है, और व्यवसायों के लिए टोलफ्री हॉटलाइन प्रदान कर रही है। अधिक जानकारी, संसाधन और साइनेज वेबसाइट पर उपलब्ध हैं

**environment.govt.nz/plastics | 0800 499 700 | plastics@mfe.govt.nz**